FTS No. 75

संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन / U. T. Administration of Daman & Diu
राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया / Rajbhasha Vibhag, Fort Area
मोटी दमण / Moti Daman - 396220.

सं. रा.भा.11(3)/हिन्दी दिवस/खंड-V/2022/351. दिनांक :- 01/09/2022.

# परिपत्र / CIRCULAR

विषय :- हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के बारे में.

संघ प्रदेश दमण स्थित प्रशासन के सभी कार्यालयों, केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, निगमों, उपक्रमों तथा शैक्षणिक संस्थानों को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि प्रशासन के राजभाषा विभाग, दमण द्वारा दिनांक 16/09/2022 से 29/09/2022 तक 'हिन्दी पखवाड़ा' मनाए जाने का निर्णय लिया गया है ।

इस उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग, दमण द्वारा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा । प्रतियोगिताओं की सूची इसके साथ संलग्न है । इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रतियोगी अपना नाम, पदनाम, संपर्क नंबर, विभाग/कार्यालय/विद्यालय/महाविद्यालय का नाम तथा प्रतियोगिता का नाम लिखकर अपना आवेदन दिनांक 13/09/2022 तक सहायक निदेशक, राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण-396220 को अवश्य भेज दें ।

सभी कार्यालयाध्यक्षों/प्रधानाचार्यों/प्राचार्यों से अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों/विद्यार्थियों/ शिक्षकों को उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करते हुए 'हिन्दी पखवाड़ा-2022' को सफल बनाएं ।

इसे सचिव (राजभाषा), दमण के अनुमोदन पर जारी किया जाता है ।

(डॉ. अनिल कौशिक)
सहायक निदेशक (रा.भा.)

संलग्नक :- उपर्युक्त.

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु :-

1. माननीय प्रशासक के निजी सचिव, सचिवालय, दमण.
2. माननीय प्रशासक के सलाहकार की वैयक्तिक सहायक, सचिवालय, दमण.
3. सचिव (राजभाषा) की वैयक्तिक सहायक, सचिवालय, दमण.
4. संयुक्त सचिव (वित्त/राजभाषा), दमण.
5. समाहर्ता, समाहर्तालय, दमण.
6. प्रशासन के सभी कार्यालयाध्यक्ष, दमण.
7. सभी केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों, निगमों, सरकारी उपक्रमों, राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रमुख, दमण.
8. सहायक शिक्षा निदेशक, दमण एवं जिला पंचायत, दमण को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को दमण स्थित सभी विद्यालयों में व्यापक प्रचार हेतु भिजवाएं ।
9. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी., दमण को इसे सरकारी वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु.
10. कार्यालय प्रति/गार्ड फाइल.

## राजभाषा विभाग, दमण द्वारा हिन्दी पखवाड़ा-2022 के दौरान आयोजित की जानेवाली प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों का विवरण

| क्र. सं. | दिनांक | प्रतियोगिता का नाम | वर्ग | विषय | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16/09/2022 (शुक्रवार) | शब्दावली ज्ञान प्रतियोगिता | क. अधिकारी वर्ग | -- | पूर्वा. 11.00 से 12.00 बजे तक | राजभाषा विभाग, दमण. |
| | | | ख. कर्मचारी वर्ग | -- | -वही- | -वही- |
| 2. | 16/09/2022 (शुक्रवार) | हिन्दी टंकण प्रतियोगिता | कर्मचारी वर्ग | -- | अप. 03.30 से 04.30 बजे तक | -वही- |
| 3. | 19/09/2022 (सोमवार) | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता | विद्यार्थी वर्ग<br>1. माध्यमिक स्तर | जीवन में त्योहारों का महत्व | पूर्वा. 11.00 से 12.00 बजे तक | सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण |
| | | | 2. उच्चतर माध्यमिक स्तर | विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व | | |
| | | | 3. महाविद्यालय स्तर | सामाजिक कुरीतियां | | |
| 4. | 20/09/2022 (मंगलवार) | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता | क. कर्मचारी वर्ग | संविधान में राजभाषा | पूर्वा. 11.00 से 12.00 बजे तक | राजभाषा विभाग, दमण. |
| | | | ख. शिक्षक वर्ग | भारतीय संस्कृति की विशेषताएं | | |
| 5. | 21/09/2022 (बुधवार) | हिन्दी देशभक्ति प्रतियोगिता | क. विद्यार्थी वर्ग<br>1. माध्यमिक स्तर<br>2. उच्चतर माध्यमिक स्तर<br>3. महाविद्यालय स्तर<br><br>ख. शिक्षक वर्ग | समूह गान<br><br>(प्रत्येक समूह में अधिकतम 05 प्रतिभागी) | पूर्वा. 8.30 बजे से | सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण |
| 6. | 22/09/2022 (गुरूवार) | हिन्दी कविता लेखन प्रतियोगिता | क. विद्यार्थी वर्ग<br>1. माध्यमिक स्तर<br>2. उच्चतर माध्यमिक स्तर<br>3. महाविद्यालय स्तर | विषय परीक्षा हॉल में ही दिया जाएगा. | पूर्वा. 11.00 से 12.00 बजे तक | सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण |
| | | | ख. कर्मचारी वर्ग | विषय परीक्षा हॉल में ही दिया जाएगा. | अप. 03.30 से 04.30 बजे तक | राजभाषा विभाग, दमण. |
| 7. | 23/09/2022 (शुक्रवार) | वर्तनी शुद्धिकरण प्रतियोगिता | क. अधिकारी वर्ग | -- | पूर्वा. 10.30 से 11.30 बजे तक | राजभाषा विभाग, दमण. |
| | | | ख. कर्मचारी वर्ग | -- | -वही- | -वही- |
| 8. | 26/09/2022 (सोमवार) | हिन्दी टिप्पण व मसौदा लेखन प्रतियोगिता | कर्मचारी वर्ग | -- | पूर्वा. 11.00 से 12.00 बजे तक | राजभाषा विभाग, दमण. |
| 9. | 27/09/2022 (मंगलवार) | वाक् प्रतियोगिता | विद्यार्थी वर्ग<br>1. माध्यमिक स्तर | स्वच्छ भारत अभियान | पूर्वा. 9.00 बजे से (प्रत्येक प्रतिभागी को बोलने के लिए सिर्फ 05 मिनट का समय दिया जाएगा) | सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण |
| | | | 2. उच्चतर माध्यमिक स्तर | जीवन में शिक्षा का महत्व | | |
| | | | 3. महाविद्यालय स्तर | हिन्दी और हमारा कर्तव्य | | |
| 10. | 29/09/2022 (गुरूवार) | 'हिन्दी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह - 2022'<br>पूर्वाह्न 10.30 बजे से<br>सभागार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोटी दमण. | | | | |

मार्गदर्शन

1. विद्यार्थी वर्ग में माध्यमिक स्तर का तात्पर्य कक्षा 08वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों से है, उच्चतर माध्यमिक स्तर का तात्पर्य कक्षा 11वीं से 12वीं एवं टी.टी.आई. तथा आई.टी.आई. के विद्यार्थियों से है और महाविद्यालय स्तर का तात्पर्य सरकारी पॉलिटेक्निक, राजकीय महाविद्यालय, पी.टी.सी. कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज तथा बी.एड. कॉलेज आदि के विद्यार्थियों से है ।
2. देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक समूह में प्रतिभागियों की संख्या 05 से अधिक नहीं होनी चाहिए । एकल गान की अनुमति नहीं होगी । प्रतिभागियों को वाद्ययंत्र बजाने की अनुमति होगी, परंतु वाद्ययंत्रों की व्यवस्था उन्हें स्वयं करनी होगी ।
3. देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रत्येक संस्थान से प्रत्येक स्तर की केवल एक-एक प्रविष्टि ही स्वीकार की जाएगी ।
4. कविता लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर, उच्चतर माध्यमिक स्तर एवं महाविद्यालय स्तर के अंतर्गत प्रत्येक संस्थान से प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान से अधिकतम 2-2 नाम स्वीकार किए जाएंगे ।
5. प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे प्रतियोगिता हेतु निर्धारित समय से 15 मिनट पहले प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर अपना-अपना स्थान ग्रहण कर लें ।
6. देशभक्ति गीत एवं भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।
7. विजेता प्रतिभागियों को 29 सितम्बर, 2022 (गुरूवार) हिन्दी पखवाड़ा समापन के अवसर पर पुरस्कार प्राप्त करने हेतु स्वयं उपस्थित रहना होगा ।
8. प्रतियोगिताओं से संबंधित अधिक जानकारी के लिए सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण से या मोबाइल नंबर 9727580450 / 9603182417 / 9426945665 पर संपर्क किया जा सकता है ।

1/9/22

(डॉ. अनिल कौशिक)
सहायक निदेशक (रा.भा.)